74 लीटर शराब बरामद, नौ बंदी

श्रावस्ती। पुलिस ने 74 लीटर कच्ची शराब बरामद कर नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। सोनवा पुलिस ने बरदेहरा निवासी वीरेन्द्र को नौ लीटर, ओम प्रकाश की पत्नी को 10 लीटर, रक्षाराम की पत्नी को 10 लीटर, विकास को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।

इसी तरह कोतवाली भिनगा पुलिस ने धन्नीपुरवा निवासी मुखलाल को पांच लीटर, नौबस्ता निवासी झब्बूलाल को पांच लीटर, मछरिहवा निवासी बुधराम को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तर किया। वहीं सिरसिया पुलिस ने पसियनपुरवा निवासी मंगलेश्वर को 10 लीटर व नौशहरा निवासी जयजयराम को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई।